**क्रमांक-4**

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2016 (फाल्गुन 7, शक सम्वत् 1937)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10:33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री द्वारा राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया गया.

### 2. अध्यक्षीय घोषणा

**आय-व्ययक की मांगों पर कटौती प्रस्ताव एवं सामान्य चर्चा का समय नियत करने विषयक**

वित्त मंत्री का बजट भाषण पूर्ण होने के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं, निर्धारित प्रपत्र में कल दिनांक 27 फरवरी, 2016 को प्रात: 11.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती हैं तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए मंगलवार, दिनांक 1 मार्च एवं बुधवार, दिनांक 2 मार्च, 2016 का समय नियत किया गया है.

अपराह्न 12.12 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 29 फरवरी, 2016 (10 फाल्गुन, शक सम्वत् 1937) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 26 फरवरी, 2016**